Need to establish a National Centre of Excellence for sports persons in Jaipur, Rajasthan.-laid

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): राजस्थान खेल एवं खिलाडियों का प्रदेश है। राजस्थान राज्य ने देश को कई अन्तराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी दिये है। राजस्थान के कई प्रसिद्व खिलाडियों ने ओलंपिक जैसी सर्वोच्च स्पर्धाओं में कप्तानी भी की है।

मेरा संसदीय क्षेत्र जयपुर राजस्थान की राजधानी है। वहा खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में जयपुर में केवल एक ही साई (स्पोर्टस अथोरिटी ऑफ इंडिया) का ट्रेनिंग सेंटर है। जहां पर केवल 5 ही खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है ।

जयपुर में नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलने से खिलाडियों को अच्छी सुविधाओं के साथ बेहतर प्रशिक्षण भी मिलेगा, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर और भी अच्छा प्रदर्शन कर विश्व में भारत का नाम रोशन कर सकेगें।

मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर में अविलम्ब नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलवाये जाने की कृपा करें।